संख्या. ए-20011/1(4)/2026-हिंदी (52)

भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

खण्ड सं-9 के.स.का परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोड ,नई दिल्ली -3/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक/Date:- 21 अप्रैल, 2026

परिपत्र

विषयः समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार द्वारा वार्षिक गृह पत्रिका हेतु लेख/रचनाएँ आमंत्रित किए जाने के संबंध में।

संदर्भः इस कार्यालय का परिपत्र समसंख्या दिनांक 05 जनवरी, 2026.

उपरोक्त विषयक संदर्भ में सूचित किया जाता है कि समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार के 80वें स्थापना दिवस के अवसर पर "संचार समन्वय पत्रिका" का विशेषांक प्रकाशित की जा चुकी है। समयाभाव के कारण उक्त पत्रिका हिंदी एवं अंग्रेजी दोनों भाषाओं में प्रकाशित की गई थी। अब वार्षिक गृह पत्रिका को केवल हिंदी भाषा में प्रकाशित करने का निर्णय लिया गया है।

2. अतः सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को अधिक से अधिक सहभागिता का अवसर प्रदान करने तथा पत्रिका को समृद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से रचनाएँ भेजने की **अंतिम तिथि 31.05.2026 निर्धारित की जाती है।**

3. सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से पुनः अनुरोध है कि वे उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी मौलिक रचनाएँ/लेख/कविताएँ/अनुभव आदि तथा गतिविधियों से संबंधित उपयुक्त छायाचित्र निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्रेषित करें, ताकि पत्रिका को सफल एवं उपयोगी बनाया जा सके।

4. अन्य सभी शर्तें एवं निर्देश पूर्व परिपत्र के अनुसार यथावत लागू रहेंगे।

5. यह परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है।

अभिषेक यादव
21/04/2026

(अभिषेक यादव)
सहायक निदेशक (राजभाषा)
ईमेल- ad-officiallanguage@dcpw.gov.in

प्रतिलिपिः-

1. निदेशक महोदय के निजी सचिवः कृपया सादर सूचनार्थ।
2. अपर निदेशक (I) के निजी सहायक: कृपया सादर सूचनार्थ।
3. अपर निदेशक (II) के निजी सहायक : कृपया सादर सूचनार्थ।
4. निदेशालय के सभी संयुक्त निदेशक/ उप निदेशक ।
5. सभी अनुभाग अधिकारी/लेखा अधिकारी, स.नि.पु.बे. ।
6. प्रभारी, केन्द्रीय पुलिस रेडियो प्रशिक्षण संस्थान, वंदे मातरम मार्ग, नई दिल्ली।
7. प्रभारी, पोलनेट हब, समन्वय सदन, सिरी फोर्ट रोड़, नई दिल्ली।
8. सभी अंतर राज्य पुलिस बेतार केंद्र प्रभारीः विभाग की वेबसाईट के माध्यम से।
9. सभी अधिकारी/कर्मचारी को विभाग की वेबसाईट के माध्यम से।
10. सूचना व प्रौधोगिकी अनुभाग - स. नि. पु. बे. की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु ।